डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | श्रावण कृष्ण पक्ष 04 – 2083 | भोपाल, दिन रविवार 2 जुलाई 2026

न्यूज गैलरी

24 घंटे में पांच आरोपी गिरफ्तार

गुना। मंदिर से लौट रहे मंगेतर और पत्नी से लूटपाट तथा सामूहिक दुष्कर्म के प्रयास के मामले में पुलिस ने 24 घंटे के भीतर पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक सितिका कांसल ने बताया कि सात आरोपियों में से दो अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल और पर्स भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शिक्षक निलंबित, भेजा गया जेल

कटनी। शिक्षा व्यवस्था और भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल शिक्षक दलन नायक को शिक्षा विभाग ने निलंबित कर दिया है। उन पर समूह में प्रभारी प्राचार्य और पूर्व प्राचार्य के साथ मारपीट व अभद्रता का आरोप है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। मामले की विभागीय जांच भी जारी है।

विंड एंड वेव्स में डीजे इवेंट पर विवाद

भोपाल। बड़ा तालाब किनारे स्थित विंड एंड वेव्स होटल में लगातार डीजे इवेंट पर पर्यावरणविदों ने विरोध किया है। पर्यावरणविद रशीद नूर ने कलेक्टर और पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर कार्यक्रम रद्द करने की मांग की है। उनका कहना है कि रामसर संरक्षित क्षेत्र में शोरगुल वाले आयोजनों से पर्यावरण और पक्षियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है तथा यह पर्यावरणीय नियमों का उल्लंघन है।

दूषित पानी की शिकायत पर जांच शुरू

भोपाल। यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के आसपास पड़े पानी की आपूर्ति के आरोपों के बाद नगर निगम की टीम प्रभावित क्षेत्रों में पहुंची और पानी के नमूने लिए। रैस वॉटेल संगठनों का दावा है कि कई नमूनों में फीकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया मिले हैं, जिससे सीधेज मिश्रित पानी की आशंका जताई गई है। निगम ने जांच रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया है।

965 प्रतिष्ठानों ने खुद बंद किया कारोबार

भोपाल। घनी आबादी क्षेत्रों में व्यावसायिक गतिविधियों के खिलाफ नगर निगम की कार्रवाई का बड़ा असर देखने को मिला। 19 प्रतिष्ठानों को बंद कराने निकली संयुक्त टीम के पहुंचने से पहले ही 65 कारोबारियों ने स्वयं अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए। कई स्थानों पर निगम के आदेश के बोर्ड लगाए गए थे। कारोबारियों ने लिखित आश्वासन भी दिया कि बिना अनुमति दोबारा व्यावसायिक गतिविधियां शुरू नहीं करेंगे। अस्पताल, मेडिकल स्टोर और बैंकों को मिलाकर इस कार्रवाई से छूट दी गई है।

भोपाल से दिल्ली–मुंबई की नई उड़ानें शुरू

भोपाल। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने शनिवार से राजा भोज एयरपोर्ट से नियमित उड़ान सेवाएं शुरू कर दी। अब भोपाल से दिल्ली के लिए रोज तीन और मुंबई के लिए एक नियमित उड़ान उपलब्ध होगी। पहली उड़ान का वॉटर कैनन सलामी से स्वागत किया गया। नई सेवाओं से दिल्ली और मुंबई रूट पर कुल 373 अतिरिक्त सीटें उपलब्ध होंगी। करीब तीन महीने बाद मुंबई की सीधी उड़ान फिर शुरू होने से यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

जबलपुर का कायाकल्प, कई परियोजनाओं का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

मेडिकल यूनिवर्सिटी एम्स की तर्ज पर बनेगी, 435 करोड़ की सौगात

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संस्कारधानी जबलपुर को मेट्रोपॉलिटन सिटी के रूप में विकसित करने और मेडिकल यूनिवर्सिटी को एम्स की तर्ज पर उन्नत बनाने की घोषणा करते हुए शहर को 435 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात दी।

नगर निगम के नीलम भवन में आयोजित समारोह में उन्होंने कई परियोजनाओं का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि मदन महल क्षेत्र में प्रदेश का सबसे बड़ा अत्याधुनिक जू–पार्क बनाया जाएगा। साथ ही जबलपुर में फर्नीचर क्लस्टर स्थापित किया जाएगा और सभी विधानसभा क्षेत्रों में संदीपनी विद्यालय खोले जाएंगे।

सीएम ने कहा कि इन परियोजनाओं से पर्यटन, उद्योग, शिक्षा और रोजगार को नई दिशा मिलेगी

जबलपुर मेट्रोपॉलिटन सिटी बनेगा

6 मदन महल में प्रदेश का सबसे बड़ा जू–पार्क बनेगा

जबलपुर में फर्नीचर क्लस्टर स्थापित किया जाएगा

सभी विधानसभा क्षेत्रों में संदीपनी विद्यालय खोले जाएं

उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से पर्यटन, उद्योग, शिक्षा और रोजगार को नई दिशा मिलेगी।

1 लाख पौधारोपण अभियान का शुभारंभ

सलवहेड़ में अमृत 10 सीवरेज परियोजना, राजा रघुवंशी के लिए पर्यावरणपूरक लकड़ी शव दाह गृह तथा पुरानी में अत्याधुनिक मलभ निक्षेप केंद्र का लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री ने बुमरा नेचर पार्क में पौधारोपण कर वीर दौन अभियान और गिवाडाकी फ्लाई से 11 लाख पौधारोपण अभियान का शुभारंभ भी किया। लाडली के सौजन्य रिजवाडियों की विभिन्न योजनाओं के तहत जिलिर किए गए तथा पीएम मानिधि योजना के लाभार्थियों को क्रेडिट कार्ड प्रदान किए गए। नगर निगम के विकास कार्यों पर आधारित फोटो टेबल बुक का विमोचन भी मुख्यमंत्री ने किया।

4 वर्षों में 2200 करोड़ के विकास कार्य

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने जबलपुर को मिली बड़ी सौगात के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने नगर निगम की उपलब्धियां बताते हुए कहा कि पिछले चार वर्षों में 2200 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्य कराए गए हैं और शहर ने स्वच्छता, वायु गुणवत्ता तथा शहरी सेवाओं में उल्लेखनीय प्रगति की है। सांसद रोशन लोधी, पूर्व राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीक, विभिन्न विकासखण्ड क्षेत्रों के त्रिस्तरीय जिला पंचायत अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधि इस बड़ी संख्या में नागरिकगण

प्रदेश में बन रहे है भव्य सांदीपनि विद्यालय, पुलिस विभाग में 18 हजार से अधिक पदों पर भर्ती

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सांदीपनि विद्यालय गोकुल और गुरुकुल की तरह के प्रतीक हैं। प्रत्येक बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा मिले, इसलिए प्रत्येक में एक सांदीपनि विद्यालय बनाए गए हैं। बुजुर्गों का भविष्य संवारने के लिए अपने इसी राज्य 10 हजार शिक्षकों की भर्ती कर रही है। पुलिस विभाग में 18 हजार से अधिक पदों पर भर्ती की गई है। उन्होंने कहा कि बोर्डों में आरक्षण वाले मसले का समाधान निकालकर अब तक राज्य के

एक नोजल से 50 एमएल कम निकला पेट्रोल, अवैध गैस रिफिलिंग सेंटर भी पकड़ा गया

भोपाल में पेट्रोल पंपों पर खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

राजधानी भोपाल में उपभोक्ताओं को सही मात्रा में ईंधन उपलब्ध कराने और आवश्यक वस्तु अधिनियम के पालन को सुनिश्चित करने के लिए खाद्य विभाग ने शनिवार को शहर के कई पेट्रोल पंपों और गैस से जुड़े प्रतिष्ठानों पर विशेष जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान एक पेट्रोल पंप पर पेट्रोल की कम आपूर्ति, अतिरिक्त डिस्पेंसिंग यूनिट और डीजल टैंक में पानी मिलने जैसी अनियमितताएं सामने आईं। वहीं नाका मंदिर क्षेत्र में एलपीजी गैस सिलेंडरों से छेड़छाड़ से अवैध रूप से गैस भरने का केंद्र भी पकड़ा गया। विभाग ने मौके पर कार्रवाई करते हुए संबंधित सामग्री जब्त कर प्रकरण दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कार्रवाई खाद्य नियंत्रक घनश्याम सिंह जादौन के निर्देशन में की गई। अभियान में सहायक आपूर्ति अधिकारी संदीप मार्गन, सुनील वर्मा, गौरव शुक्ला, उपराज्य पेट्रो तथा अमित आपूर्ति अधिकारी तुषार जांभेलकर और भावना तिवारी शामिल रहे।

सील और सिलेंडर जब्त

टीम ने सबसे पहले कलमना मार्ग स्थित एचपीसीएल के बोर कॉर्डस रतेबान पेट्रोल पंप का निरीक्षण किया। जांच में पेट्रोल और डीजल का स्टॉक निर्धारित सीमा के भीतर पाया गया, लेकिन विरलोटक अनुज्ञप्ति में स्वीकृत संख्या से दो अतिरिक्त डिस्पेंसिंग यूनिट संचालित होती मिलीं। अधिकारियों ने इसे नियमों का उल्लंघन मानते हुए सबंधित कार्रवाई शुरू की। इसके बाद टीम ने पीपलानी बीराहा स्थित आलमे पेट्रोलियम पेट्रोल पंप की जांच की। यहां स्टॉक तो निर्धारित सीमा में मिला, लेकिन भूमिगत डीजल टैंक में 116 लीटर पानी पाया गया। इसके अलावा पेट्रोल के एक नोजल की जांच में प्रति पांच लीटर पर 50 मिलीलीटर कम पेट्रोल निकलता पाया गया। इस अनियमितता के बाद संबंधित नोजल को तत्काल सील कर दिया गया।

स्टॉक की जांच, नोजल

मंदसौर में सिंथेटिक ड्रग्स फैक्ट्री का भंडाफोड़, 25 लाख की सामग्री जब्त

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मंदसौर जिले में एमडी (मेफेड्रोन) ड्रग्स बनाने वाली अवैध फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। थाना सीतामऊ पुलिस ने ग्राम भानपुरा में दबिश देकर 110 ग्राम एमडी ड्रग्स, बड़ी मात्रा में रसायन, ड्रग्स निर्माण में इस्तेमाल होने वाले उपकरण और बिना नंबर की मोटरसाइकिल बरामद की। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और कार्मुन एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है।

पुलिस के अनुसार 31 जुलाई और 1 अगस्त की रात मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई के दौरान आरोपियों ने पुलिस टीम पर जानलेवा हमला कर दी और कांच का फायदा उठाकर फरार हो गए।

मौके से लगभग 326 किलोग्राम विभिन्न रसायन, क्रिस्टल पदार्थ, गैस भट्ठी, इलेक्ट्रिक हीटर्स, मोटरयुक्त ड्रम, इलेक्ट्रॉनिक वीज कांटा समेत अन्य उपकरण बरामद किए गए। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और कार्मुन एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है।

संसद परिसर में विपक्ष के प्रदर्शन के विरोध में विहिप और बजरंग दल का मार्च

राहुल गांधी का पुतला फूंका, सनातन पर टिप्पणी का लगाया आरोप"

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

संसद परिसर में विपक्षी सांसदों द्वारा किए गए सांकेतिक प्रदर्शन के विरोध में शनिवार को राजधानी भोपाल में संत समाज, विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विरोध मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने लाल चौराहे से रैली निकालकर लिंक रोड की ओर बढ़ा किया और कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंकते हुए नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने विपक्ष पर सनातन धर्म, साधु–संतों और हिंदू समाज के अपमान का आरोप लगाया।

'बैरिकेड पर रोका, पुलिस से हुई हल्की धक्का–मुक्की"

मार्च को देखते हुए पुलिस ने पहले से बैरिकेडिंग कर सुरक्षा व्यवस्था की थी।

प्रदर्शन के दौरान कुछ कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड पार करने का प्रयास किया, जिस पर पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इस दौरान कुछ देर हल्की धक्का–मुक्की की स्थिति बनी, हालांकि पुलिस ने हालात को नियंत्रित रखा।

विहिप और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने कहा कि संसद परिसर में राम मंदिर के चंदा को सांकेतिक प्रदर्शन करोड़ों हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला है। उन्होंने इस तरह की घटनाओं को निंदा करते हुए जिम्मेदार लोगों से सार्वजनिक माफी की मांग की।

पानी की टंकी से मिला युवक का

डीआर संवाददाता ▶▶ इंदौर

शहर के रावली बाजार थाना क्षेत्र स्थित जवाहर कॉलोनी में एक मकान की पानी की टंकी से 45 वर्षीय ओमप्रकाश उर्फ पप्पू का शव मिला है। 19 प्रतिष्ठानों को बंद कराने निकली संयुक्त टीम के पहुंचने से पहले ही 65 कारोबारियों ने स्वयं अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए। कई स्थानों पर निगम के आदेश के बोर्ड लगाए गए थे। कारोबारियों ने लिखित आश्वासन भी दिया कि बिना अनुमति दोबारा व्यावसायिक गतिविधियां शुरू नहीं करेंगे। अस्पताल, मेडिकल स्टोर और बैंकों को मिलाकर इस कार्रवाई से छूट दी गई है।

जानकारी के अनुसार 31 जुलाई की रात निवासियों के दौरान कुछ लोगों ने टंकी में विषाक्त रसायन डाल दी, लेकिन पुलिस ने ऐसा करने से रोक दिया। पॉस्टिक विशेषज्ञ डॉ. बीके सिंह ने बताया कि विषाक्त या अन्य रसायन डालने से पोस्टमार्टम की महत्वपूर्ण जांच प्रभावित हो सकती है और सही वैज्ञानिक निष्कर्ष नहीं मिल पाते। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मूंग खरीदी केंद्र पर किसानों से अवैध वसूली

डीआर संवाददाता ▶▶ सागर

जिले के खुरई विकासखंड स्थित समर्थन मूल्य पर संचालित मूंग खरीदी केंद्र पर किसानों से अवैध वसूली का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में केंद्र के अंदर मौजूद एक व्यक्ति किसानों से प्रति क्विंटल 300 रुपए लेते हुए दिखाई दे रहा है। वीडियो सामने आने के बाद प्रशासन ने मामले की जांच के लिए टीम गठित करने के निर्देश दिए हैं।

बताया जा रहा है कि वीडियो मुंजोरा स्थित मूंग खरीदी केंद्र का है। इसमें एक किसान से पांच क्विंटल मूंग के बदले 1500 रुपए लेते हुए भी देखा जा सकता है। किसानों का आरोप है कि एमएसपी पंजीयन बनाकर उनसे प्रति क्विंटल 300 रुपए की अवैध वसूली की जाती है।

खुरई तहसीलदार राजेश पांडे ने बताया कि वीडियो संज्ञान में आया है। प्रथम दृष्टया किसानों से पैसे मांगने की बात सामने आई है। मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी।

एमपी में 4–5 अगस्त से फिर तेज होगा बारिश का दौर,

आज भोपाल–इंदौर समेत 55 जिलों में हल्की वर्षा के आसार

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में अगले दो दिन हल्की से मध्यम बारिश के बाद 4 और 5 अगस्त से एक बार फिर भारी बारिश का दौर शुरू होने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार फिलहाल प्रदेश पर दो मौसम प्रणालियां सक्रिय हैं। उत्तरप्रदेश के ऊपर बने निम्न दाब क्षेत्र और प्रदेश से गुजर रही मानसून ट्रफ के प्रभाव से रविवार और सोमवार को भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर सहित 55 जिलों में कहीं हल्की तो कहीं मध्यम बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घंटे तक प्रदेश में कहीं भी भारी बारिश का अलर्ट नहीं है, लेकिन 4 और 5 अगस्त को उत्तर और पूर्वी मध्य प्रदेश के कई जिलों में तेज बारिश की संभावना जताई गई है। 4 अगस्त को छतरपुर, पन्ना, सतना, मैहर, सीधी, उमरिया, शहडोल और अनूपपुर में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 5 अगस्त को निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा और मऊगंज में भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है। तालिबार को प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की बारिश दर्ज की गई। तेज वर्षा के बाद खरगोन का बुंडा जलप्रपात और महू के झरने भी फिर से लबालब बहने लगे हैं। मौसम विभाग ने लोगों से मौसम अपडेट पर नजर रखने और खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतने की सलाह दी है।

लापरवाही

बारिश में शॉर्टसर्किट का खतरा बढ़ा, एमपी नगर के पुराने ट्रांसफार्मर बने जानलेवा

ट्रांसफार्मरों के नीचे होटल और दुकानें संचालित, हजारों छात्रों व ग्राहकों की सुरक्षा पर सवाल

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

राजधानी के कोलार हब एमपी नगर में पुराने और जर्जर ट्रांसफार्मर लोगों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बनते जा रहे हैं। जोन–1 और जोन–2 में 12 से 15 वर्ष पुराने कई ट्रांसफार्मरों के ठीक नीचे होटल, रेस्टोरेंट, पान–गुटखे की दुकानें और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान संचालित हो रहे हैं। इन स्थानों पर प्रतिदिन हजारों छात्र और ग्राहक पहुंचते हैं, लेकिन सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने से हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

'बारिश में बढ़ जाता है खतरा'

बारिश के मौसम में पुराने ट्रांसफार्मरों पर बढ़ते लोड, स्पार्किंग और शॉर्ट सर्किट की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि कई बार ट्रांसफार्मर धुंआ छोड़ चुके हैं और उनकी जर्जर स्थिति की शिकायत बिजली विभाग को भी दी गई, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि किसी ट्रांसफार्मर में आग लगती है या विस्फोट होता है तो नीचे मौजूद लोगों की जान को गंभीर खतरा हो सकता है।

'सुरक्षा मानकों के पालन की मांग'

बिजली सुरक्षा मानकों के अनुसार 10 वर्ष से अधिक पुराने और खराब ओवरलोड ग्रेड वाले ट्रांसफार्मरों की नियमित स्क्रीनिंग जांच तथा समय पर बदलाव आवश्यक है। सालभर मौजूदगी वाले व्यावसायिक क्षेत्रों में अतिरिक्त सुरक्षा उपकरण लिए जाने चाहिए। इसके बावजूद एमपी नगर में कई ट्रांसफार्मरों के नीचे अतिक्रमण और व्यावसायिक गतिविधियां जारी हैं।

'बिजली विभाग ने नगर निगम को लिखा पत्र'

एमपी नगर जोन के बिजली विभाग के सहायक अभियंता अजय कुमार उईके ने बताया कि ट्रांसफार्मरों से नीचे से अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम को लिखित पत्र भेजा गया है। उन्होंने कहा कि पुराने ट्रांसफार्मरों और सुरक्षा संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए जल्द आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, ताकि क्षेत्र में किसी भी संभावित हादसे को रोका जा सके।

एमपी की बेटी यामिनी ने जीता सिल्वर, किसान परिवार की खिलाड़ी को 25 लाख और सरकारी नौकरी

डीआर संवाददाता ▶▶ भोपाल

कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में मध्य प्रदेश की जूडो खिलाड़ी यामिनी भीमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला 57 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में उन्हें इंग्लैंड की असेल्या टोपाक्स से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन सिल्वर मेडल जीतकर उन्होंने प्रदेश का गौरव बढ़ाया। सागर जिले के किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाली यामिनी की इस उपलब्धि पर प्रदेश सरकार ने उन्हें 25 लाख रुपए की पुरस्कार राशि और खेल नीति

के तहत सरकारी नौकरी देने की घोषणा की है।

खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने यामिनी की उपलब्धि को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि प्रदेश को उन पर गर्व है। यामिनी के पिता हरिओम भीमी किसान हैं। उनके बेटे दीपक रजक ने बताया में उनकी प्रतिभा को पहचानकर नियमित प्रशिक्षण दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर श्रावण कृष्ण पक्ष 04 – 2083 सीहोर, दिन रविवार, दिनांक 2 अगस्त 2026

मूंग खरीदी

खरीदी केंद्रों पर क्षमता से कई गुना अधिक किसानों के पहुंचने से व्यवस्था चरमराई

60 खरीदी के बाद केंद्रों पर उमड़ी भीड़, दो-दो दिन से कतार में किसान, बारिश ने बढ़ाई मुश्किलें

डीआर संवाददाता»सीहोर

प्रदेश में मूंग खरीदी को लेकर सरकार द्वारा का प्रतिशत उपज खरीदने के फैसले के बाद किसानों को राहत मिलने की उम्मीद थी, लेकिन भैरूंदा सहित नर्मदा पट्टी के खरीदी केंद्रों पर हालात पूरी तरह उलट नजर आ रहे हैं। खरीदी केंद्रों पर क्षमता से कई गुना अधिक किसानों के पहुंचने से व्यवस्था चरमरा गई है। कई केंद्रों पर 1300 से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉलियां दो-दो दिन से कतार में खड़ी हैं, जबकि मुख्य मार्गों पर दो किलोमीटर तक लंबा जाम लग रहा है। लगातार हो रही बारिश ने किसानों की परेशानी और बढ़ा दी है। खुले आसमान के नीचे तिरपाल ढककर किसान अपनी उपज की रखवाली करने को मजबूर हैं।

शेरगढ़ का कहना है कि पहले 25 प्रतिशत खरीदी की सीमा को लेकर आंदोलन हुए थे, जिसके बाद सरकार ने 60 प्रतिशत खरीदी का निर्णय लिया, लेकिन खरीदी केंद्रों की संख्या और व्यवस्थाओं में कोई बढ़ोतरी नहीं होने से अब पीड़ा बेकाबू हो गई है। एक और केंद्रों की खरीदी क्षमता सीमित है दूसरी ओर तीन गुना अधिक किसान अपनी उपज लेकर पहुंच रहे हैं। इससे किसानों को दो-दो और तीन-तीन दिन तक अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। कई किसानों का कहना है कि ट्रैक्टर-ट्रॉलियां लाइन में खड़ी हैं और सड़क पर लगातार जाम की स्थिति बनी हुई है, जिससे आम लोगों को भी आवागमन में परेशानी हो रही है।

बायोमेट्रिक और क्यूआर सिस्टम से धीमी हुई खरीदी की रफ्तार

सागोनी प्रक्रिया में बायोमेट्रिक सत्यापन और क्यूआर कोड प्रणाली किसानों के लिए नई परेशानी बन गई है। किसानों का आरोप है कि नेटवर्क और सर्वर की समस्या के कारण एक किसान की एंट्री में ही काफी समय लग जाता है। बिल बनाने के दौरान भी पोर्टल बार-बार बंद हो जाता है, जिससे पूरी प्रक्रिया प्रभावित होती है और पीछे तक लाइन आगे नहीं बढ़ती। कई छोटे खरीदी केंद्रों पर प्रतिदिन केवल 500 से 1000 क्विंटल तक ही तुलाई हो पा रही है, जबकि वहां उससे कई गुना अधिक उपज लेकर किसान पहुंच रहे हैं।

तारीख निकलने का डर, रोजाना बढ़ रहा ट्रैक्टर का खर्च

लाइन में लगे किसानों का कहना है कि खरीदी की निर्धारित तारीख निकलने का डर लगातार बना हुआ है। गई किसान तीन से चार दिन से ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर केंद्रों के बाहर डटे हैं। ट्रैक्टर का प्रतिदिन तारीख एक हजार रुपये किराया देना पड़ रहा है। इसके बावजूद जब नंबर आता है तो कई बार खरीदी की तारीख समाप्त होने का हवाला देकर वापस लौटा दिया जाता है। किसानों ने पोर्टल पर खरीदी की तारीख बढ़ाने की सुविधा शुरू करने की मांग की है, ताकि कोई भी किसान अपनी उपज बेचने से वंचित न रहे।

नर्मदा पट्टी में खरीदी केंद्र कम, उत्पादन सबसे ज्यादा

नर्मदा पट्टी में इस वर्ष मूंग का उत्पादन सबसे अधिक हुआ है, लेकिन खरीदी केंद्रों की संख्या अपेक्षाकृत कम होने से किसानों को 10 से 15 किलोमीटर दूर तक उपज लेकर जाना पड़ रहा है। इससे परिवहन खर्च भी बढ़ गया है। किसानों का कहना है कि क्षेत्र में पर्याप्त वेयरहाउस उपलब्ध हैं, इसलिए नए खरीदी केंद्र शुरू किए जाएं ताकि भीड़ कम हो और समय पर खरीदी हो सके।

किसानों की मांग- केंद्र बढ़ें, छुट्टियों में भी हो खरीदी

किसानों ने प्रशासन से खरीदी केंद्रों की संख्या बढ़ाने, प्रति केंद्र अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराने, रविवार और अन्य अवकाश के दिनों में भी खरीदी जारी रखने तथा पर्याप्त पुलिस बल और अधिकारियों की तैनाती की मांग की है। उनका कहना है कि एक ही जोड़ पर हजारों किसानों के पहुंचने से पूरी व्यवस्था प्रभावित हो रही है। यदि समय रहते व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया गया तो बारिश के बीच खुले में रखी मूंग खराब होने का खतरा बढ़ जाएगा और किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा।

हनुमान मंदिर बचाने दूसरे दिन भी चक्काजाम, लिखित आश्वासन तक आंदोलन जारी,

डीआर संवाददाता»सीहोर

जिले के दिगपाड़ा गांव में श्री हनुमान मंदिर को बचाने की मांग को लेकर शनिवार को लगातार दूसरे दिन भी ग्रामीणों का चक्काजाम जारी रहा। सीहोर-रायसेन जिले की सीमा पर स्थित गांव में हजारों की संख्या में महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चे आंदोलन में शामिल हुए। प्रदर्शनकारी मंदिर के सामने मुख्य मार्ग पर बैठकर भजन-कीर्तन करते रहे और मंदिर को सुरक्षित रखने की मांग उठाई।

ग्रामीणों का कहना है कि श्री हनुमान मंदिर उनकी आस्था का मुख्य केंद्र है और इसे किसी भी स्थिति में हटाने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पहले भी प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। प्रदर्शन के दौरान लंबे समय तक कोई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे लोगों में नाराजगी देखने को मिली।

आंदोलनकारियों ने साफ कहा कि जब तक प्रशासन की ओर से मंदिर की सुरक्षा का लिखित आश्वासन नहीं दिया जाता, तब तक उनका धरना और चक्काजाम जारी रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि सड़क निर्माण कर रही एनएचएआई की टीम को भी मंदिर के आसपास किसी प्रकार का कार्य नहीं करने दिया जाएगा।

इधर, प्रशासन और एनएचएआई के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच इस मामले को लेकर बैठक प्रस्तावित है। बैठक में किए गए निर्णय से आंदोलन की आगे की दिशा तय होने की संभावना है।

न्यूज गैलरी

मंदिर में आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर आज

सीहोर। अखिल भारतीय धन्वंतरि महासभा सीहोर और आरोग्य आयुर्वेदिक चिकित्सालय सलियाखेड़ी अजमेर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को नया बस स्टैंड स्थित नवनिर्मित हनुमान मंदिर में आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर लगेगा। शिविर सुबह 12 बजे से शुरू होगा। शिवाध्यक्ष गजेंद्र सिंह बीहान ने बताया कि शिविर में राजस्थान सरकार के पूर्व आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.एन. शर्मा मरीजों को आयुर्वेदिक इलाज से जुड़ा परामर्श देंगे।

दो साल लेन-देन नहीं खाता होगा निष्क्रिय

सीहोर। किसी बैंक खाते में लगातार दो साल या उससे ज्यादा समय तक कोई लेन-देन नहीं होता है तो खाता निष्क्रिय हो सकता है। ऐसे खाते का दोबारा उपयोग करने के लिए खाताधारक को बैंक से संपर्क करना होगा। प्रक्रिया पूरी करनी होगी। निष्क्रिय खाता फिर से चालू कराने के लिए खाताधारक बैंक की किसी भी शाखा में जाकर केवाईसी अपडेट करा सकते हैं। जहां सुविधा हो, वहां वीडियो केवाईसी से भी केवाईसी अपडेट हो सकती है।

संभागीय खेल स्पर्धा में हिस्सा लेंगे दल

सीहोर। वार्षिक खेल कैलेंडर के तहत आयोजित खेलकूद संस्थान ने जिला स्तरीय क्रीकेट टेबल टेनिस, बैडमिंटन,

4-5 साल से केसीसी ऋण नहीं चुकाने वाले 100 किसानों को तीसरा नोटिस,

डीआर संवाददाता»सीहोर

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एसीबी शाखा ने किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के बकाया ऋण की वसूली के लिए तहसील कार्यालय में विशेष शिविर आयोजित किया। शिविर में ऋणधारी (ऋण वसूली प्रमाणपत्र) जारी किए गए 100 डिफॉल्टर किसानों को तीसरे नोटिस के तहत उपस्थित होने के निर्देश दिए गए। बैंक अधिकारियों के अनुसार इन किसानों ने किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से लिया गया ऋण पिछले चार से पांच वर्षों से जमा नहीं किया है। लगातार बकाया होने के कारण संबंधित खातों को एनपीए घोषित किया जा चुका है।

बैंक ने बताया कि ऋण वसूली के लिए पहले कई बार नोटिस जारी किए गए और लोक अदालतों के माध्यम से भी भुगतान का अवसर दिया गया, लेकिन अधिकांश किसानों ने बकाया राशि जमा नहीं की। इसके बाद नियमानुसार कार्यवाही की कार्रवाई शुरू की गई है। विशेष शिविर में राजस्व प्रबंधन, एसबीआई एसीबी शाखा के अधिकारी और सीहोर तहसीलमार ने किसानों से चर्चा कर उन्हें शीघ्र बकाया ऋण जमा कर कानूनी कार्रवाई और अतिरिक्त आर्थिक भार से बचने।

बैंक प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय तक भुगतान नहीं करने वाले किसानों के खिलाफ राजस्व विभाग के माध्यम से कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर संबंधित भूमि की नीलामी भी कराई जा सकती है। इसके अलावा भूमि के भागांतरण, हस्तांतरण और गिरवी जैसे राजस्व संबंधी कार्यों पर भी रोक लग सकती है। बैंक ने किसानों से अपील की है कि वे समय रहते बकाया ऋण जमा कर कानूनी कार्रवाई और अतिरिक्त आर्थिक भार से बचें।

आष्टा-बुधनी में सबसे ज्यादा 1.02 इंच बारिश, अगले 48 घंटे का अलर्ट

डीआर संवाददाता»सीहोर

जिले में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। पिछले 24 घंटों में जिले में औसतन 0.61 इंच बारिश दर्ज की गई। सबसे अधिक 1.02-1.02 इंच वर्षा आष्टा और बुधनी तहसीलों में रिकॉर्ड की गई। लगातार हो रही बारिश से मौसम सुहावना हो गया है, वहीं खेतों में नमी बढ़ने से किसानों को राहत मिली है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले 48 घंटे तक जिले में मध्यम से तेज बारिश की संभावना जताते हुए अलर्ट जारी किया है।

भू-अभिलेख शाखा के अनुसार, पिछले 24 घंटे में सीहोर में 0.61 इंच, रायसुरा में 0.24 इंच, इछावर में 0.75 इंच, भैरूंदा में 0.35 इंच और रेहटी में 0.57 इंच वर्षा दर्ज की गई। 1 जून से अब तक जिले में औसतन 18.88 इंच बारिश हो चुकी है। तहसीलवार आंकड़ों में आष्टा 22.71 इंच वर्षा के साथ सबसे आगे है, जबकि रायसुरा में सबसे कम 14.38 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई। सीहोर में 16.94 इंच, जावर में 18.48 इंच, इछावर में 20.70 इंच, बुधनी में 20.04 इंच और रेहटी में 21.32 इंच वर्षा दर्ज की गई है।

मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मध्य प्रदेश के ऊपर सक्रिय कम दबाव का क्षेत्र और प्रदेश से गुजर रही मानसून ट्रफ के कारण बारिश का दौर बना हुआ है। मंगलवार की सुबह और अब शाम से लगातार नमी मिलने के कारण जिले में स्थान-स्थान पर मध्यम से भारी बारिश हो रही है।

आईएमडी ने अगले 24 से 48 घंटे के दौरान सीहोर, आष्टा, इछावर, बुधनी, रेहटी और भैरूंदा तटीय क्षेत्रों में कहीं-कहीं तेज बारिश की संभावना जताई है। लगातार बारिश से नदी-नालों के जलस्तर में बढ़ोतरी की आशंका के चलते प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

कलेक्टर के निर्देश पर मूंग उपार्जन केंद्रों, मंडी एवं वेयरहाउस का अधिकारी कर रहे निरीक्षण

डीआर संवाददाता»सीहोर

कलेक्टर श्री बालमुरुगन डी. के निर्देशानुसार जिले में मूंग उपार्जन व्यवस्था की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। इसी क्रम में एसडीएम, तहसीलदार तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा विभिन्न मूंग उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान उपार्जन केंद्रों पर तौल व्यवस्था, पंजीयन, बुकिंग, किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं, तथा उपार्जन कार्य की प्रगति का परीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए जा रहे हैं।

अधिकारियों द्वारा कृषि

उपज मंडियों, व्यापारियों से प्रतिष्ठानों एवं वेयरहाउस का भी सघन निरीक्षण किया जा रहा है।

इस दौरान मूंग के स्टॉक का सत्यापन, अभिलेखों की जांच तथा भंडारण व्यवस्था का परीक्षण किया जा रहा है, ताकि उपार्जन प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शी एवं शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सुचारित रूप से चल सके। प्रशासन का मानना है कि किसानों को बिना किसी असुविधा के उपार्जन का लाभ मिले। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक विक्रेता किसान का पंजीयन, प्रमाणी बॉयोमेट्रिक तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाने पर तत्काल नियमानुसार कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए हैं।

फायदेमंद की बालमुरुगन डी. ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शासन द्वारा जारी नवीन दिशा-निर्देशों के अनुसार किसानों से 60 प्रतिशत मूंग की खरीदी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी उपार्जन केंद्रों पर नवीन दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन कराया जाए तथा पात्र किसानों को बिना किसी असुविधा के उपार्जन का लाभ मिले। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रभावी मॉनिटरिंग तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाने पर तत्काल नियमानुसार कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए हैं।

55 पशु पकड़े, 21 गोशाला भेजेय 34 मालिकों को चेतावनी देकर लौटाए

डीआर संवाददाता»आष्टा

शहर में सड़कों पर घूमते आवारा मवेशियों से बढ़ती यातायात समस्या और दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए नगर पालिका ने शनिवार को विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान शहर के प्रमुख मार्गों, चौराहों और सार्वजनिक स्थानों से 55 आवारा मवेशियों को पकड़ा गया। इनमें से 21 पशुओं को दानतलेश्वरी स्थित संत गोविंद गौशाला भेजा गया, जबकि 34 मवेशियों को उनके मालिकों के आने पर सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया गया।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद कुमार प्रजापति ने बताया कि शहर में यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने और सड़क हादसों को रोकने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई। पकड़े गए मवेशियों पशुओं को ट्रक के माध्यम से सुरक्षित गौशाला पहुंचाया गया, जहां उनके चारे और देखभाल की व्यवस्था की गई है। अभियान में सहायकों और वाहन चालकों की काफी राहत मिली है।नगर पालिका अध्यक्ष हेमलता राजविंह मेवाड़ा ने नागरिकों और पशुपालकों से अपने मवेशियों को खुले में नहीं छोड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि सड़कों पर घूमते मवेशी यातायात बाधित करने के साथ-साथ दुर्घटनाओं का कारण भी बनते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि बार-बार मवेशियों को सड़कों पर छोड़ने वाले पशुपालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अभियान में दरोगा राजेश घोघट, जगदीश पम्पू खरे, अमरदीप सांगते, मनोज घोघट, रितेश पांगते, दीपक पांगते और जीवन कांसिया सहित नगर पालिका के कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

कांवड़ यात्रा सोमवार को निकलेगी भव्य कांवड़ यात्रा, सीवन तट से कुबेरेश्वरधाम तक गूंजेंगे हर-हर महादेव

11 किलोमीटर की पदयात्रा में आस्था का संगम, धूप और बारिश के बीच शिवभक्ति में लीन होकर आगे बढ़ रहे कांवड़ यात्री

डीआर संवाददाता»सीहोर

हर साल की तरह इस साल भी सावन माह के पावन अवसर पर सोमवार को शहर के सीवन नदी तट से कुबेरेश्वरधाम तक 11 किलोमीटर लंबी भव्य कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। कांवड़ यात्रा को लेकर शिवभक्तों में विशेष उत्साह और श्रद्धा का वातावरण बना हुआ है।

पिछले कई दिनों से बड़ी संख्या में कांवड़ यात्री सीवन नदी के तट से पवित्र जल लेकर पैदल कुबेरेश्वरधाम की ओर रवाना हो रहे हैं। इस वर्ष

हर सोमवार को भव्य कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी, इसमें तीन अगस्त, 10 अगस्त, 17 अगस्त और 25 अगस्त को भव्य कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। 25 अगस्त को निकाली जाने वाली यात्रा में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के साथ अंतर्राष्ट्रीय ख्याति वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा सहित सावित्री खर्ता को एनपीए घोषित किया जा चुका है।

बैंक ने बताया कि ऋण वसूली के लिए पहले कई बार नोटिस जारी किए गए और लोक अदालतों के माध्यम से भी भुगतान का अवसर दिया गया, लेकिन अधिकांश किसानों ने बकाया राशि जमा नहीं की। इसके बाद नियमानुसार कार्यवाही की कार्रवाई शुरू की गई है। विशेष शिविर में राजस्व प्रबंधन, एसबीआई एसीबी शाखा के अधिकारी और सीहोर तहसीलमार ने किसानों से चर्चा कर उन्हें शीघ्र बकाया ऋण जमा कर कानूनी कार्रवाई और अतिरिक्त आर्थिक भार से बचने।

बैंक प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय तक भुगतान नहीं करने वाले किसानों के खिलाफ राजस्व विभाग के माध्यम से कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर संबंधित भूमि की नीलामी भी कराई जा सकती है। इसके अलावा भूमि के भागांतरण, हस्तांतरण और गिरवी जैसे राजस्व संबंधी कार्यों पर भी रोक लग सकती है। बैंक ने किसानों से अपील की है कि वे समय रहते बकाया ऋण जमा कर कानूनी कार्रवाई और अतिरिक्त आर्थिक भार से बचें।

सीहोर में सोयाबीन 7190 रुपए और लहसुन 17000 रुपए तक, कुरावर नरसिंहगढ़ पचोर के ताजा मंडी भाव जारी

डीआर संवाददाता»सीहोर

मध्य प्रदेश की प्रमुख कृषि उपज मंडियों सीहोर, कुरावर, नरसिंहगढ़ और पचोर के 1 अगस्त 2026 के ताजा मंडी भाव जारी कर दिए गए हैं। शनिवार को सीहोर मंडी में पीला सोयाबीन अधिकतम 7190 रुपए प्रति क्विंटल और लहसुन 17000 रुपए प्रति क्विंटल तक बिका। वहीं नरसिंहगढ़ मंडी में लहसुन ने 27200 रुपए प्रति क्विंटल का रुपेरिया भाव दर्ज किया। चारों मंडियों में सोयाबीन के दाम 7100 से 7275 रुपए प्रति

क्विंटल के बीच मजबूत बने रहे।

सीहोर मंडी में कुल 3486 क्विंटल कृषि उपज की आवक दर्ज हुई। पीला सोयाबीन 5161 से 7190 रुपए, गेहूं शरबती 3025 से 3851 रुपए, गेहूं लोकवन 2701 से 3030 रुपए, मूंग 4100 से 7500 रुपए, सरसों 7400 रुपए, धनिया 15451 रुपए, प्याज 900 से 2512 रुपए तथा लहसुन 5800 से 17000 रुपए प्रति क्विंटल तक बिका।

कुरावर मंडी में कुल 2339 क्विंटल उपज पहुंची। यहां सोयाबीन 4425 से 7225 रुपए, गेहूं 2205 से 2865 रुपए, चना 4805 से 5890 रुपए, मटर 5000 से 6505 रुपए, सरसों 5500 से 7000 रुपए और मूंग 5500 से 6345 रुपए प्रति क्विंटल तक बिका।

नरसिंहगढ़ मंडी में 3339 क्विंटल आवक दर्ज हुई। यहां सोयाबीन 4600 से 7275 रुपए, लहसुन 500 से 27200 रुपए, प्याज 300 से 3100 रुपए, धनिया 12800 से 15150 रुपए, सरसों 6425 से 7400 रुपए और गेहूं 2440 से 2675 रुपए प्रति क्विंटल तक बिका।

पचोर मंडी में कुल 3068 क्विंटल कृषि उपज की आवक रही। यहां सोयाबीन 6200 से 7195 रुपए, गेहूं 2300 से 2743 रुपए, मसूर 6450 से 9050 रुपए, सरसों 6520 से 7456 रुपए और धनिया 13100 से 15350 रुपए प्रति क्विंटल तक बिका।नरसिंहगढ़ मंडी में लहसुन और पचोर मंडी में मसूर ने सबसे ऊंचे भाव दर्ज किए।

न्यूज गैलरी

नशामुक्त अभियान पर प्रतियोगिताएं कल

सीहोर। नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान के तहत गांव भारत सीहोर 3 अगस्त को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं कराएगा। जिला युवा अधिकारी निकेश राठौर ने बताया कि संगीत, भूषा, नाटक, नुक्कड़ नाटक, मूक अभिनय, शॉर्ट फिल्म, वाद–विवाद, आदि विधाओं में प्रतिभागी प्रतिभा दिखाएंगे।

18 साल की सेवा के बाद शिक्षक को विदाई

जावर। शासकीय माध्यमिक शाला जीजाबुर मांझीटोला में सेवानिवृत शिक्षक ज्ञान सिंह ठाकुर को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। 18 वर्षों की सेवा के दौरान उनके शिक्षकीय योगदान और अनुशासन की सराहना की गई। समारोह में साफा, शॉल, श्रीफल, अभिनंदन पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। विद्यार्थियों और कर्मचारी ने उनके स्वस्थ एवं सुखद जीवन की कामना की। कार्यक्रम में जनशिक्षक रूपनारायण सिंह बागवान, राजेंद्र सिंह, गोपाल सिंह ठाकुर, विद्यालय प्रभारी शोभान सिंह सहित स्कूल स्टाफ और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

आज देवांचल पहुंचेगी कांवड़ यात्रा

जावर। गुरुवार सांगर से निकली हिंदू समाजता कांवड़ यात्रा कलियर ग्राम गंगर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। यात्रा प्रभारी धीरज सिंह ने बताया कि हिंदू संगठनों के सहयोग से निकली यात्रा में इस वर्ष पिछले साल की तुलना में अधिक शिवभक्त शामिल हुए। शनिवार रात यात्रा का विश्राम श्रीराम मंदिर में होगा। रविवार सुबह कांवरिए जूलूस के रूप में देवांचल धाम पहुंचकर भगवान त्रिलोकेश्वर महादेव का जलाभिषेक करेंगे।

अखबार पर नहीं, सफेद कागज पर दें प्रसाद

सीहोर। सिद्धपुर सेवा भारती समिति ने मंदिरों और बस्तियों में जनजागरूकता अभियान चलाकर श्रद्धालुओं से अखबार पर प्रसाद वितरित नहीं करने की अपील की। समिति ने बताया कि अखबार की स्याही स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती है। मंदिरों के पुजारियों को स्वच्छ–सुरक्षित सफेद कागज उपलब्ध कराए गए। अभियान में समिति के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने लोगों को सुरक्षित प्रसाद वितरण के प्रति जागरूक किया। साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं के लिए निशुल्क मेहंदी प्रशिक्षण भी शुरू किया गया।

28 साल की सेवा के बाद शिक्षक सम्मानित

आष्टा। शिक्षा विभाग में 28 वर्षों तक सेवाएं देने के बाद वरिष्ठ शिक्षक देवकरण मेवाड़ा को विद्यालय परिवार ने सम्मानपूर्वक विदाई दी। समारोह में उनके शिक्षकीय योगदान, कार्यशैली और अंग्रेजी विषय में विशेषज्ञता की सराहना की गई। उन्हें प्रशस्ति–पत्र, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मीजाबासीसी सुभाष चंद्र दुबे, सरपंच लखचांद दंगोलिया, पूर्व प्राचार्य अमरसिंह परमार सहित शिक्षक और कर्मचारी मौजूद रहे।

नगर पालिका के नीचे ड्रेनेज चौबर बदहाल

आष्टा। नगर पालिका कार्यालय के नीचे बने ड्रेनेज चौबर की बदहाल स्थिति से दुकानदार और राहगीर परेशान हैं।

अवैध खनन, कार्रवाई | एनजीटी की रोक के बीच नर्मदा में अवैध रेत खनन पर बड़ी कार्रवाई

तीन पनडुब्बी मशीनें जब्त, रेत माफियाओं में हड़कंप

डीआर संवाददाता»भैरूंदा

नर्मदा नदी में वर्षाकाल के दौरान प्रतिबंध के बावजूद हो रहे अवैध रेत खनन पर खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भैरूंदा तहसील के ग्राम टिगारी स्थित नर्मदा घाट से तीन पनडुब्बी मशीनें जब्त की हैं। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा 28 जून से 1 अक्टूबर तक वर्षाकाल में रेत खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद नदी के भीतर मशीनों से अवैध खनन किया जा रहा था। खनिज अधिकारी राजकुमार बराठे के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में सक्रिय रेत माफियाओं में हड़कंप मच गया है। जब्त मशीनों को भैरूंदा थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

'सूचना मिलते ही टीम ने नर्मदा घाट पर दी दबिश'

खनिज विभाग को सूचना मिली थी कि ग्राम टिगारी के नर्मदा घाट पर पनडुब्बी मशीनों के माध्यम से नदी की गहराई से अवैध रूप से रेत निकाली जा रही है। सूचना मिलते ही खनिज अधिकारी राजकुमार बराठे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और अचानक दबिश दी। कार्रवाई के दौरान नदी के भीतर संचालित तीन पनडुब्बी मशीनों को जब्त कर लिया गया। बताया जा रहा है कि इन मशीनों के जरिए बड़ी मात्रा में रेत निकालकर बाहर भेजी जा रही थी। विभाग ने मशीनों को जब्त कर थाना भैरूंदा में सुरक्षित रखवा दिया है।

"एनजीटी के प्रतिबंध के बावजूद जारी था अवैध खनन"

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के आदेश के अनुसार 28 जून से 1 अक्टूबर तक वर्षाकाल में रेत खनन पूरी तरह प्रतिबंधित है। सीहोर जिला प्रशासन ने भी सभी रेत खदानों पर खनन रोकने के आदेश जारी किए हैं, ताकि नदी का प्राकृतिक प्रवाह और पर्यावरणीय संतुलन सुरक्षित रह सके। इसके बावजूद कुछ लोग नियमों की अनदेखी कर अवैध खनन में लगे हुए थे। खनिज विभाग की इस कार्रवाई से स्पष्ट संदेश गया है कि प्रतिबंध अवधि में किसी भी प्रकार का अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

जुलाई में लगातार कार्रवाई, माफियाओं पर बढ़ा दबाव'

खनिज विभाग ने जुलाई माह में अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ लगातार अभियान चलाया है। विभाग अब तक चार जेसीबी मशीनें, एक पोकलेन मशीन, चार ट्रैक्टर–ट्रॉलियां और अब तीन पनडुब्बी मशीनें जब्त कर चुका है। इसके अलावा अवैध खनन और परिवहन में शामिल लोगों पर लाखों रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। रेहटी, बुधनी और गैरतगंज क्षेत्र में लगातार हो रही छापेमार कार्रवाई से अवैध खनन का नेटवर्क अस्थाई रूप से टूटता दिखाई दे रहा है।

मैदान में लगातार डटे रहे नोडल, माफियाओं में बढ़ा डर'

खनिज अधिकारी राजकुमार बराठे की कार्यशैली अन्य अधिकारियों से अलग नजर आ रही है। वे स्वयं मौके पर पहुंचकर कार्रवाई का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्हें बार बार के समय की लगातार छोटी–छोटी कार्रवाई से अवैध खनन में लगे वाहनों और मशीनों को पकड़ा गया है। लगातार हो रही इन कार्रवाइयों से रेत माफियाओं को संदेश देने का मौका नहीं मिल रहा और उनमें कार्रवाई का डर साफ दिखाई दे रहा है। बताते हैं इससे पहले देवास जिले में भी अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए चर्चित रहे हैं।

'अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा'

खनिज अधिकारी राजकुमार बराठे ने कहा कि वर्षाकाल में रेत खनन पूरी तरह प्रतिबंधित है और नियमों का पालन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि अवैध खनन और परिवहन में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही लोगों से अपील की कि यदि कहीं भी अवैध खनन की जानकारी मिले तो तत्काल प्रशासन को सूचित करें।

---

10 चालान, 6,500 जुर्माना, स्कूल छुट्टी के समय बच्चों को सड़क पार कराई

डीआर संवाददाता»आष्टा

नगर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए शनिवार को यातायात पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। यातायात प्रभारी शशिकांत शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न प्रमुख चौराहों और बाजार क्षेत्रों में नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान मोटर वाहन एक्ट के तहत 10 चालान बनाकर 6,500 रुपए का शमन शुल्क वसूला गया। पुलिस ने चालक चालकों को हेलमेट पहनने, वाहन के आवश्यक दस्तावेज साथ रखने और यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश भी दी। सावन माह में श्रद्धालुओं की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए प्राचीन शिव मंदिर और जैन मंदिर मार्ग पर अव्यवस्थित खड़े वाहनों को हटाकर यातायात सुचारु कराया गया। कन्नौद रोड, गोपाल नाका चौराहा, पुराना बस स्टैंड, सिकंदर बाजार और पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र में सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटाया गया। स्कूलों की छुट्टी के समय यातायात पुलिस ने विद्यार्थियों को सुरक्षित सड़क पार कराई और सड़क पर खड़े ठेला रेहड़ी को हटवाकर आवागमन आसान बनाया। पुलिस ने बताया कि अभियान के दौरान बिना लाइसेंस वाहन चलाने, जरूरी दस्तावेज साथ नहीं रखने, नाबालिगों को वाहन चलाने देने, बीच में अनावश्यक वाहन खड़े करने और रोंग साइड से वाहन चलाने जैसी लापरवाहियां सामने आईं।

राज्य स्तरीय ग्वालियर के खिलाफ मैच ड्रा कराकर इंदौर पहुंचा सेमीफाइनल में

डीआर संवाददाता»सीहोर

सतर के नर्म मैदान पर खेली जा रही मध्यप्रदेश फुटबाल एसोसिएशन के तत्वावधान में सब जूनियर फुटबाल प्रतियोगिता में शनिवार को ग्वालियर और इंदौर के मध्य रोमांचक मुकाबला खेला गया। इसमें दोनों ही टीम अंत तक बिना कोई गोल के रही, मैच ड्रा होने से इंदौर की टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई।

प्रतियोगिता के सातवें दिन ग्वालियर–इंदौर के बीच खेला गया दोनों ही टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए ग्वालियर की ओर से कई आक्रामक अटैक किए, वह इंदौर की रक्षा पंक्ति के खिलाड़ियों ने योजना को विफल किया। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए अखिल जिला फुटबॉल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, मधुर विजयवर्गीय, एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नौजिया ने खिलाड़ियों से परिचय करते हुए बताए में चल रही फुटबॉल प्रतियोगिता हमारे संगठन को लगातार कर रहा है केवल प्रतिभा राष्ट्रीय स्तर पर सीहोर का नाम रोशन कर रही है। प्रतियोगिता संयोजक कलेक्टर मुस्तक कुरेशी, रेफरी 1 मनीष अहिरवार सीहोर, इमरान खान हल्दा, एनएल सिंह बालाघाट तरुण प्रजापति सीहोर, राहुल सिंह खंडवा, बालकार्तव स्वप्न कुमार शिवपुरी उपस्थित रहे।

---

33 साल में 5वीं बार सावन के सोमवार पर नागपंचमी का संयोग, 30 दिन के श्रावण मास में मिलेंगे चार सोमवार

डीआर संवाददाता»सीहोर

भगवान शिव को समर्पित श्रावण मास इस वर्ष विशेषकर श्रद्धालुओं के लिए दुर्लभ ज्योतिषीय संयोग लेकर आया है। मालवा–निमाड़ सहित उत्तर भारत में सावन 30 जुलाई से शुरू होकर 28 अगस्त तक रहेगा। पूरे 30 दिन के इस श्रावण मास में श्रद्धालुओं को व्रत और पूजा अर्चना के लिए चार सोमवार मिलेंगे। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार पूरे माह शिव योग और सर्वार्थ सिद्धि योग का विशेष प्रभाव भी रहेगा।

ज्योतिषाचार्य पंडित रमेश शर्मा के अनुसार इस बार सावन का पहला सोमवार 17 अगस्त, रक्षाबंधन विशेष रहेगा क्योंकि इसी दिन नागपंचमी का पर्व भी मनाया जाएगा। चार सोमवार वाले सामान्य सावन में नागपंचमी का सोमवार के दिन आना बेहद दुर्लभ संयोग माना जाता है। पिछले 33 वर्षों में यह संयोग केवल पांचवीं बार बन रहा है। इससे पहले वर्ष 1995, 1998, 2012 और 2019 में ऐसा योग बना था। वर्ष 2023 में भी नागपंचमी सोमवार को आई थी, लेकिन उस समय अधिकमास के कारण सावन 59 दिनों का था और उसमें आठ सोमवार पड़े थे।

9 धार्मिक संस्कारों पर दें अधिक ध्यान, मुनि सागर

आष्टा। पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र में धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि सागर महाराज ने कहा कि अल्पसंख्यक के लिए धार्मिक संस्कार आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि नगर में लगभग 500 परिवार होने के बावजूद पाठशाला में केवल 40 बच्चे आते हैं, जो चिंता का विषय है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को निर्धारित धार्मिक दिन बिताने और मोक्ष मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने का आह्वान किया।

जन–जागरूकता गतिविधियां संचालित करने के दिए

डीआर संवाददाता»सीहोर

दिव्य सतनाम सप्ताह के अंतर्गत 1 से 7 अगस्त तक जिले में विभिन्न जन–जागरूकता एवं स्वास्थ्य संवर्धन गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री बालमुरुगन के. ने सीएमएचओ, डीपीओ, जनपद सीईओ, सभी बीएमओ सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सप्ताह के दौरान सभी गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में 01 अगस्त को इस सप्ताह का शुभारंभ हुआ।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास तथा पंचायत विभाग के समन्वय से जिला एवं विकासखंड स्तर पर जन–जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। दीएचएएनडी, आंगनवाड़ी केंद्रों, ग्राम पंचायतों तथा गणपत्रवार बैठकों के माध्यम से सतनाम एवं शिशु एवं बाल अवसर (आईवाईसीएफ) संबंधी जागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएं।

उन्होंने आशा, एएनएम एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को घर–घर संपर्क कर बच्चों को प्रथम छठे में सतनाम प्राशन कराने, पहले छह माह तक केवल सतनाम तथा छह माह के बाद पूरक आहार के साथ दो वर्ष अवस्था उसके अधिक समय तक सतनाम प्राशी रखने के संदेश में पंपलेट देने के निर्देश दिए। साथ ही निजी स्वास्थ्य संस्थानों में भी सतनाम को बढ़ावा देने, शिशु दुग्ध विकल्पों के प्रतिबंधित उपयोग को रोकने, गर्भवती महिलाओं को परामर्श देने, स्तनपान के लाभ बताने, नवजात शिशु की देखभाल, स्तनपान के लाभ, स्वच्छता, टीकाकरण, पोषण, एनीमिया नियंत्रण, परिवार नियोजन, किशोर स्वास्थ्य, मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, तंबाकू नियंत्रण, मानसिक स्वास्थ्य, आयुष्मान भारत, आयुष्मान आपके द्वार, आयुष्मान सभा, आयुष्मान मेला, आयुष्मान मेला, आयुष्मान मेला

न्यूज गैलरी

निकालकर साइकिल रैली खिलाड़ियों ने लगाए पौधे

विदिशा। राष्ट्रीय खेलरोपण दिवस पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिला खेल परिसर स्टेडियम से उदयगिरी तक साइकिल रैली निकाली गई। रैली में खिलाड़ियों, खेल संघों के पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों, समाजसेवियों तथा शिक्षा एवं वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।प्रतिभागियों ने फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण और साहसिक खेलों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। जिला खेल अधिकारी प्रदीप सिंह सक्त ने बताया कि रैली के बाद स्टेडियम परिसर में वृक्षारोपण किया गया। अधिक से अधिक पौधे लगाने ,उनकी देखभाल का आह्वान किया।

हिंदी विभाग को मिली 10 हजार की पुस्तकें

विदिशा। गर्ल्स कॉलेज में शनिवार को प्रेमचंद जयंती मनाई गई। प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार ने प्रेमचंद को प्रगतिशील साहित्यकार बताते हुए उनके विचारों से प्रेरणा लेकर समाज हित में कार्य करने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता स्नातक प्रथमवर्ष छु पूजा शर्मा ने प्रेमचंद के जीवन, साहित्य और उनकी समसामयिक प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। छात्राओं ने प्रेमचंद की कहानियों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

स्वरोजगार प्रशिक्षण शुरू युवाओं को मिलेगा लाभ

विदिशा। ग्रामीण युवाओं, महिलाओं और किसानों को स्वरोजगार से जोड़ने एसबीआई ने अगस्त के लिए छह रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम घोषित किए हैं। जिला पंचायत के सहयोग से आयोजित इन प्रशिक्षणों में प्रत्येक बैच में 30 प्रतिभागियों को व्यावहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

जिलेभर में चलेंगी जागरूकता गतिविधियां

विदिशा। 1 से 7 अगस्त तक जिला स्तरीय सप्ताह के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य संस्थानों और ग्रामीण-शहरी क्षेत्रों में रैली, नोटो, घर-घर संपर्क, परामर्श एवं शपथ कार्यक्रम होंगे। नगरपालिका चुनावों के लिए 9 अगस्त को प्रथम पंचायत में सामान्य, एक माह तक लेखा मा का दूध तथा दो वर्ष तक पूरक आहार के साथ सामान्य जारी रखने के लाभ बताए जाएंगे।

कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 7 अगस्त तक

सलावाद, विदिशा। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, सलावाद में शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा 6वीं की चयन परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 7 अगस्त 2026 कर दी गई है। विद्यालय में कुल 80 सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। चयन परीक्षा का आयोजन 28 नवंबर 2026 को होगा।विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र कुमार ने बताया कि आवेदन करने वाला छात्र विदिशा जिले का निवासी होना चाहिए तथा शैक्षणिक सत्र 2026-27 में जिले के किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत होना आवश्यक है। पात्र अभ्यर्थी ऑनलाइन माध्यम से निर्धारित पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। अभिभावकों से समय सीमा के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की गई है, ताकि किसी भी छात्र को प्रवेश परीक्षा में शामिल होने से वंचित न होना पड़े।

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की गई

अब कुपोषण और आयुष्मान योजना में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: कलेक्टर

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सख्त समझाइश दी

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शनिवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य एवं महिला-बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से चेतावनी दी है।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि कुपोषण मुक्ति अभियान, आयुष्मान भारत योजना और अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, समयबद्ध लक्ष्य पूर्ति और आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में कुपोषण मुक्ति अभियान की समीक्षा करते

विदिशा। समीक्षा बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि लापरवाही सीडीपीओ अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कलेक्टर श्री गुप्ता।

हुए कलेक्टर ने कहा कि जिले में कोई भी बच्चा कुपोषित नहीं रहना चाहिए। आंगनवाड़ियों में चिन्हित कुपोषित बच्चों को तत्काल एनआरसी कार्ड से भर्ती कर शासन की सुविधाओं का लाभ दिलाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों पर कार्रवाई होगी। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि लापरवाही सीडीपीओ

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने 15 दिन में आयुष्मान कार्ड लक्ष्य पूरा

के फ्रेंचाइज सेंटर मनीषी की सर्वराई करें। साथ ही एसडीएम ने बच्चों को लिखने वाले भोजन की गुणवत्ता की निर्धारित जांच के लिए फूड सेफ्टी अधिकारी को भी निर्देशित किया गया।

कलेक्टर ने विदिशा, बासौदा और सिरोंज के नौ सरकारी वजनियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी इलेक्ट्रॉनिक सामान पर संचालित हों और पात्र नागरिकों के आयुष्मान कार्ड

बैठक में इन योजनाओं की भी समीक्षा की गई

भी बनाए जाएं। अगली बैठक में इसकी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया। उन्होंने परिवारपक्षों और मेडिकल कॉलेज के डीन को निर्देश दिए कि अस्पताल और मेडिकल कॉलेज के एसएनसीयू वार्ड में सफेद-कबाड़ी, सुविधाएं और चिकित्सीय प्रोटोकॉल का पूर्ण पालन किया जाए। बैठक में जिला जिर्ण सीईओ ओपी पालीवेंद्रा, संयुक्त कलेक्टर दीपमाला गुप्ता सहित अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में आयोएसके, मृत आश्रित नवजात शिशु देखभाल, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाडली लक्ष्मी योजना, टेक होम राशन एवं पोषण आहार वितरण सहित अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई। आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी पात्र हितग्राहियों, विशेषकर 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्रतिष्ठित आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं।

उन्होंने 15 दिनों में लक्ष्य हासिल करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रगति नहीं होने पर संबंधित अस्पताल, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सीएचओ के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में कलेक्टर ने स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने तथा अस्पतालों में रक्त उपलब्ध कराने के नाम पर किसी भी प्रकार की दलाली या अवैध वसूली पर सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए।

गंजबासौदा में पुराना मकान ढहा, मलबे में दबा युवकय सिर और पैर में चोट, विदिशा रेफर



डीआर संवाददाता ✍ गंजबासौदा।

विदिशा जिले के गंजबासौदा में शनिवार शाम एक बड़ा हादसा हो गया। मीरा रोड स्थित एक जर्जर पुरानी मकान को तोड़ने के दौरान उसका बड़ा हिस्सा अचानक भरभराकर गिर पड़ा। हादसे में मकान मालिक राजू रघुवंशी के भाई "रवि रघुवंशी" मलबे में दब गए और गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, राजू रघुवंशी अपने पुराने मकान को गिराकर नया मकान बनवाने की तैयारी कर रहे थे। पिछले कुछ दिनों से मकान तोड़ने का काम चल रहा था। शनिवार शाम करीब 7 बजे जब मजदूर और परिवार के लोग मकान के ऊपरी हिस्से को तोड़ रहे थे, तभी अचानक पिछला हिस्सा धसक गया और अंदर का बड़ा भाग ढह गया। मकान में लगी भारी कारीगरी पत्थरों के कारण मलबा काफी ज्यादा हो गया, जिससे रवि रघुवंशी उसके नीचे दब गए।

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया। मलबा हटाने के लिए बुलडोजर की मदद ली गई, जिसके बाद घायल युवक को बाहर निकालकर सरकारी अस्पताल गंजबासौदा पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सिर और पैर में गंभीर चोट होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल विदिशा रेफर कर दिया

मकान गिरने की तेज आवाज से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। राहत की बात यह रही कि हादसे के समय आसपास अधिक लोग मौजूद नहीं थे, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। सूचना मिलते ही शहर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी।

बेतवा नदी से कावड़ भरकर निकले शिवभक्त, प्रथम श्रावण सोमवार को उदयपुर धाम में होगा जलाभिषेक

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

श्रावण मास के अवसर पर शनिवार को श्री महागौरी मंदिर बोल बम कांवड़ यात्रा सेवा समिति के तत्वावधान में 11वीं कावड़ यात्रा एवं शंख महाकाल की साही सवारी निकाली गई।

यात्रा में बड़ी संख्या में शिवभक्त शामिल हुए और पूरे मार्ग पर बोल बम तथा हर-हर महादेव के जयघोष गूंजते रहे। सुबह 9 बजे श्रद्धालुओं ने बेतवा नदी के बेनजल घाट पर जल से कांवड़ भरी। इसके बाद उदयपुरा स्थित श्री महागौरी

मंदिर से यात्रा प्रारंभ हुई। डीजे की धुन, ढोल नगाड़ों और शिव भजनों पर झूमते हुए कांवड़िए पूरे उत्साह के साथ यात्रा में आगे बढ़ते रहे। यात्रा बड़ा बाजार, शिवाजीगंज, गणपतगंज, शिवाजीगंज और कांच मंदिर होते हुए आगे बढ़ी। कांच मंदिर स्थित शिवालय में बाबा महाकाल की विशेष आरती की गई। यात्रा के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.वीरेन्द्र दास महाराज, पंडित अखिलकृष्ण त्रिगुणैत, पंडित निशाकृष्ण महाराज, पंडित मंगेश दैवज्ञ एवं पंडित अनिल महाराज पुजारी उपस्थित रहे। उन्होंने श्रद्धालुओं को मनवान किया की सावन के पहले सोमवार को उदयपुर धाम पहुंचेगी यात्रा

भक्ति एवं धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। इसके बाद कावड़ यात्रा दीनदयालपुरा, कुम्हारपेठ, गुलाबगंज और बसेड़ा मार्ग से होकर श्रावण मास के अगले सोमवार को उदयपुर धाम पहुंचेगी, जहां सभी श्रद्धालु बाबा महाकाल का जलाभिषेक करेंगे।

यात्रा में शिव योगी, अप्पन आसु सोनी, सुमित मोनिया, गौरव सेन, सोनेश कुशवाह, सौरभ सिंह राजपूत, संजय प्रजापति, सुरेंद्र कुशवाह, पंकज रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता एवं शिवभक्त शामिल रहे।

जल्द शुरू होगा मदर मिल्क बैंक, जरूरतमंद नवजातों को मिलेगा मां का दूध

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर जिला अस्पताल में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग ने घोषणा की कि जिले में जल्द ही "मदर मिल्क बैंक" की शुरुआत की जाएगी। इसका उद्देश्य उन नवजात शिशुओं तक मां का दूध पहुंचाना है, जिनकी माताएं किसी कारणवश स्तनपान नहीं करा पा रही हैं।

मदर मिल्क बैंक में अतिरिक्त दूध बनने वाली माताएं स्वेच्छा से दूध दान कर

सकेंगी। सुरक्षित रूप से संकलित यह दूध समय से पहले जन्मे, बीमार और जरूरतमंद नवजातों को उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में डॉक्टरों ने बताया कि जन्म के तुरंत बाद मां का पहला गाढ़ा पीला दूध (कोलोस्ट्रम) शिशु के लिए सुरक्षा कवच की तरह काम करता है और उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि यह पहल नवजात शिशु और बाल मृत्यु दर में कमी लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही, अगले सात दिनों तक जिलेभर में स्तनपान को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

समरसता संकल्प यात्रा का भाजपा ने किया स्वागत

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में निकाली जा रही समरसता संकल्प अभियान कलश यात्रा का शनिवार को भाजपा कार्यालय में स्वागत किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं अभियान संयोजक सुरेश रोहे सोलंकी, पूर्व सांसद एवं सहसंयोजक प्रदीप लारिया, विधायक सुरेश टंडन, जिला महामंत्री अनिल मेलकर, जिला प्रवक्ता मंगल पांडे, जिला संयोजक कमलेश नेहर सहित भाजपा पदाधिकारी उपस्थित

उपभोक्ताओं के लिए जरूरी सूचनाः 16 अगस्त तक कराएं इकेवाईसी, वरना हो सकती है कार्रवाई

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

जिले के एलपीजी गैस उपभोक्ताओं के लिए केवाईसी (केवाईसी) कराना अनिवार्य कर दिया गया है। शासन द्वारा इसकी अंतिम तिथि "16 अगस्त" निर्धारित की गई है। तय समय सीमा के भीतर केवाईसी पूरी नहीं कराने वाले उपभोक्ताओं के गैस कनेक्शन को अवैध मानते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है। गैस एजेंसी संचालक "विवेक ठाकुर" ने बताया कि उपभोक्ताओं को केवाईसी कराने के लिए पहले भी कई बार सूचित किया जा

चुका है। जिले में अब तक करीब "50 प्रतिशत" एलपीजी उपभोक्ता अपनी केवाईसी प्रक्रिया पूरी कर चुके हैं, जबकि शेष उपभोक्ताओं से जल्द से जल्द यह प्रक्रिया पूरी करने की अपील की गई है। केवाईसी कराने के लिए उपभोक्ताओं को अपनी संबंधित गैस एजेंसी पर जाकर आधारकार्ड दस्तावेज जमा करने होंगे। एजेंसियों का कहना है कि अंतिम तिथि के बाद बिना सत्यापन वाले कनेक्शनों की केवाईसी लंबित मिलेगी, जिन पर शासन के निर्देशानुसार कार्रवाई की जाएगी। गैस एजेंसियों ने सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि वे अंतिम समय का इंतजार न करें और "16 अगस्त से पहले अपनी केवाईसी अवश्य पूरी करा लें", ताकि गैस आपूर्ति में किसी भी प्रकार की अड़चन का सामना न करना पड़े।

पति की मौत के सातभर बाद पत्नी ने फांसी लगाई

डीआर संवाददाता ✍ लटेरी

ग्राम चांदपाड़ में शनिवार को 25 वर्षीय दीपिका अहिरवार ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर लगासौलिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव कब्जे में लिया। जांच शुरू की। दीपिका सात-साढ़ा और दो वर्षीय बेटे के साथ रहती थी। करीब एक साल पहले उसके पति प्रीतम अहिरवार ने ट्रांसफील आरोग्य शेड में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पति की मौत के बाद दीपिका गर्भवती नहीं गई। ससुराल में ही रह रही थी। मृतका के बड़े भाई पनसयान अहिरवार के मुताबिक घटना के समय माता-पिता खेत पर गए थे। दीपिका घर पर अकेली थी। घर लौटने पर वह कमरे पर लटकी मिली। इसकी बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मर्ग कायम किया है। आत्महत्या के कारणों की जांच चल रही है। पोस्टमार्टम रविवार को होगा। इसके बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। गांव में शोक है। पति-पत्नी की एक साल के भीतर आत्महत्या से दो वर्षीय बच्चा माता-पिता दोनों के साये से वंचित हो गया

संगीत का आयोजन मोहम्मद रफी की 46वीं पुण्यतिथि पर शनिवार को लीजेंड संगीत ग्रुप द्वारा संगीत संध्या का आयोजन

दिल का सूना साज तराना ढूंढेगा, मुझको मेरे बाद...

लीजेंड संगीत ग्रुप के आयोजन में कलाकारों ने रफी के सदाबहार नगमे गाकर श्रोताओं को किया भाव-विभोर

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

मोहम्मद रफी की 46वीं पुण्यतिथि पर शनिवार को लीजेंड संगीत ग्रुप द्वारा संगीत संध्या का आयोजन किया गया। शुरुआत रफी साहब के गीत पर खाल्यर्पण और उनके लोकप्रिय गीत दिल का सूना साज तराना ढूंढेगा, मुझको मेरे बाद जमाना ढूंढेगा की सामूहिक प्रस्तुति के साथ श्रद्धांजलि अर्पित कर हुई।

संगीत संध्या में कलाकारों ने रफी साहब के सदाबहार गीतों की शानदार प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर गायन सहित संगीत और काव्य में विशेष रुचि रखने वाले डॉ. राकेश श्रीवास्तव, जगदीश मेहलोत्रा, आशुतोष तापुर, प्रभात रघुवंशी, हरिकिशोरण, प्रभर श्रीवास्तव, ब्रज श्रीवास्तव, सौरभकोरी और संदीप सक्सेना ने अपने अपने अंदाज में रफी के अमर गीत प्रस्तुत किए, जिन पर दर्शकों ने

विदिशा। अभिनेता ने रुपसरी पूजन के साथ की कार्यक्रम की शुरुआत।

उनकर तालियां बजाईं। मुख्य अतिथि गोविंद मेवलिया ने कहा कि मोहम्मद रफी केवल महान गायक ही नहीं, बल्कि भारतीय संगीत जगत की अमर धरोहर हैं। उनकी आवाज में भक्ति, प्रेम, करुणा, श्रृंगार और देशभक्ति के सभी भावों की अद्भुत अभिव्यक्ति मिलती है। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. विनोद भट्ट ने कहा कि रफी साहब के गीत समय की सीमाओं से परे हैं और हर पीढ़ी के संगीत प्रेमियों के दिलों में सदैव जीवंत रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी कलाकारों का सम्मान किया गया। पूरी संध्या रफी साहब के मधुरमय गीतों से सराबोर रही और संगीत प्रेमियों ने इसे उनकी स्मृतियों को समर्पित संगीतमय श्रद्धांजलि बताया। कार्यक्रम का संयोजन प्रदीप जैन स्पारकर ने किया। कार्यक्रम में आचार्य शिवकुमार तिवारी सहित अन्य गण्यमान्य उपस्थित रहे।

पेट्रोल पंप संचालकों ने जांच प्रक्रिया पर खड़े किए सवाल

डीआर संवाददाता ✍ मिथिला

पेट्रोल पंप संचालकों ने आकस्मिक जांच प्रक्रियाओं और सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने अपनी समस्याओं को लेकर बैठक की और प्रशासन के ज्ञापन सौंपा।

संचालकों ने मांग की कि पेट्रोल पंपों की जांच प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जाए। संचालकों ने बताया कि आज अधिकांश पेट्रोल पंप पूरी तरह से ऑटोमेशन सिस्टम पर काम करते हैं। पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति से लेकर बिक्री तक का पूरा रिकॉर्ड डिजिटल रूप से तेल कंपनियों को भेजा जाता है। ऐसे में मिलावट की संभावना बहुत कम होती है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार के

निर्देशानुसार एर्गोनॉमिक मिक्सिंग मैकेनिज्म लगाया जा रहा है और गुणवत्ता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक नियमों का

जांच एक नियमित प्रक्रिया का हिस्सा

उन्होंने यह भी बताया कि आकस्मिक जांच के दौरान कई बार पेट्रोल-डीजल की बिक्री पूरी तरह से रोक दी जाती है। इससे ग्राहकों को अनावश्यक परेशानी होती है और आम जनता में यह धारणा बनती है कि पेट्रोल पंप पर कोई गड़बड़ी पाई गई है, जबकि कई बार जांच केवल एक नियमित प्रक्रिया का हिस्सा होती है। संचालकों ने प्रशासन से आग्रह किया कि जांच इस तरह से की जाए जिससे ग्राहकों को कम से कम असुविधा हो और बिक्री अनावश्यक रूप से बाधित न हो।

उन्होंने मांग की कि गुणवत्ता जांच के साथ-साथ ईमानदार पेट्रोल पंप संचालकों और ग्राहकों को बेवजह की परेशानी से बचाया जाए।

पालन किया जाता है। बारिश के मौसम में टैंकों में पानी जाने से रोकने के लिए भी नियमित जांच और सावधानी बरती जाती है।

न्यूज गैलरी

गुरुपूर्णिमा महोत्सव का समापन, बड़ी संख्या में युवाओं ने ली गुरु दीक्षा

राजगढ़। नरसिंहगढ़ के पुष्पिय दीवान धाम गुरुकुलम में आयोजित तीन दिवसीय गुरुपूर्णिमा महोत्सव धार्मिक अनुष्ठानों के साथ संपन्न हुआ। महोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों से आए संत, शिष्य और श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। समापन अवसर पर गुरुकुल संचालक "जगदीश शास्त्री" के मार्गदर्शन में भगवान दत्तात्रेय का अभिषेक-पूजन और गुरु वंदना की गई। महोत्सव के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अनेक युवाओं ने गुरु दीक्षा ग्रहण की। आचार्य कपिल शर्मा, सम्पूर्ण शास्त्री और सागर उपाध्याय ने वैदिक विधि से पूजन संपन्न कराया। जगदीश शास्त्री ने भी सत्यनारायण कथा और गुरु उपदेश दिए। दिनकर भंडारे का आयोजन हुआ, जबकि रात्रि में आयोजित भजन संध्या में कई संत-महात्माओं ने सहभागिता कर श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक संदेश दिए।

नरसिंहगढ़ में 9वीं-11वीं की छात्राओं को मिली निशुल्क साइकिलें

राजगढ़। नरसिंहगढ़ के शासकीय हाई स्कूल नादिया में शासन की योजना के तहत कक्षा 9वीं एवं 11वीं की छात्राओं को निशुल्क साइकिलें वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय के प्राचार्य रामनरेश वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। प्राचार्य ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य दूरदराज के क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं को स्कूल आने-जाने में सुविधा प्रदान करना और बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि कुशवाहा, मोहनलाल कुशवाहा सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

सावन के पहले सोमवार पर होगा हरिहर मिलन

नरसिंहगढ़। बैजनाथ बड़ा महादेव शिवालय में सावन के पहले सोमवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ हरिहर मिलन महोत्सव आयोजित किया जाएगा। आयोजक बाबा बैजनाथ सेना के अनुसार शाम 6 बजे भगवान शिव और भगवान जगन्नाथ के दिव्य स्वरूप के एक साथ दर्शन श्रद्धालुओं को कराए जाएंगे। धार्मिक मान्यता है कि सावन सोमवार पर हरिहर के इस दुर्लभ मिलन के दर्शन करने से भगवान की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

मानव तस्करी रोकने पुलिस ने बढ़ाया जागरूकता का दायरा

राजगढ़। विशेष मानव तस्करी विरोधी टिम पर राजगढ़ पुलिस ने मानव तस्करी जैसे गंभीर अपराधों की रोकथाम को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर गुरुवार को कंट्रोल रूम में विशेष कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें पुलिस अधिकारियों, सामाजिक संगठनों और युवा प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में मानव तस्करी के तरीकों, बच्चों और महिलाओं को झूठे प्रलोभन देकर अपराध में धकेलने वाले गिरोहों, साइबर माध्यमों से होने वाली तस्करी और इससे बचाव के उपायों पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने कहा कि ऐसे अपराधों को रोकने के लिए समय रहते संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी पुलिस तक पहुंचाना जरूरी है।

अवलोकन ओपीडी, लेबर रूम, ओटी, डायलिसिस यूनिट व आईसीयू वार्ड का अवलोकन किया

राज्य मंत्री टेटवाल ने सिविल अस्पताल का निरीक्षण किया, स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के दिए निर्देश

डीआर संवाददाता ■ सारंगपुर

अपना प्रदेश के राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने शुक्रवार को सिविल अस्पताल सारंगपुर का निरीक्षण कर अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, लेबर रूम, ओटी, डायलिसिस यूनिट एवं आईसीयू वार्ड का अवलोकन किया तथा भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य और उपचार की जानकारी ली। मरीजों से अस्पताल में मिल रही सुविधाओं के संबंध में भी फीडबैक लिया। निरीक्षण के बाद मंत्री डॉ. टेटवाल ने अस्पताल के चिकित्सकों एवं स्टाफ की बैठक लेकर स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की।

बैठक में सिविल अस्पताल के चिकित्सकों ने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी। इस दौरान डॉ. अंकुर देशवाली ने बताया कि उनकी टीम द्वारा 31 जुलाई को 13 सफल ऑपरेशन किए गए।

वहीं डॉ. सरिता बाजड़ ने अस्पताल में संचालित सिजेरियन सेवा एवं सोनोग्राफी सेवाओं की जानकारी मंत्री को दी। वहीं मंत्री टेटवाल ने मेडिकल कॉलेज डॉ. एन. बोकारे सहित सभी चिकित्सकों को मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने, समय पर दवाइयां उपलब्ध कराने तथा अस्पताल की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टाफ की समस्याओं की भी जानकारी लेकर आवश्यक समाधान का आश्वासन दिया।

निरीक्षण के दौरान भाजपा नेता विमल जैन, विष्णु पाटीदार सहित अस्पताल के चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मचारी एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

हर घर तिरंगा अभियान की प्रदेश स्तरीय टीम में सह-संयोजक बने मंत्री टेटवाल भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा आगामी हर घर तिरंगा अभियान (9) से 15 अगस्त) के सफल संचालन के लिए प्रदेश स्तरीय टीम का गठन किया गया है। इस टीम में मध्यप्रदेश शासन के जीएल विश्वास एवं उपनगर सारंगपुर विधायक डॉ. गौतम टेटवाल को सह-संयोजक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉ. टेटवाल की नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह जिम्मेदारी डॉ. टेटवाल के नेतृत्व, संगठन क्षमता एवं राष्ट्रसेवा के प्रति उनके समर्पण का सम्मान है।

शिकायत व्यक्त किया गया कि उनके कुशल मार्गदर्शन में घर घर तिरंगा अभियान प्रदेशभर में व्यापक जनभागीदारी के साथ सफलतापूर्वक संचालित होगा। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, सांसद रोडमल नागर सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. टेटवाल को शुभकामनाएं संप्रेषित करते हुए अभियान की सफलता की कामना की।

पुरानी रंजिश में युवक की हत्या, सड़क पर धारदार हथियार से हमलाय आरोपी फरार

डीआर संवाददाता ■ आकोनगर।

शहर के मंदसौर मिल क्षेत्र में शुक्रवार रात पुरानी रंजिश खूनी संघर्ष में बदल गई। 22 वर्षीय युवक "अभिषेक दुत्र अनिल उर्फ बब्लू कुशवाह" की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई। वारदात रात करीब 10:45 बजे हुई। हमले में गंभीर रूप से घायल अभिषेक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हमलावर ने अभिषेक के गले पर धारदार हथियार से वार किया। हमला इतना गंभीर था कि वह सड़क पर ही गिर पड़ा और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए।

सूचना मिलने पर एसडीओपी विवेक शर्मा और कोतवाली थाना प्रभारी रवि प्रताप सिंह चौहान पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

पुलिस के अनुसार, मृतक अभिषेक और आरोपी "बब्लू कुशवाहा" के बीच लंबे समय से रंजिश चली आ रही थी। करीब दो महीने पहले दोनों पक्षों के बीच मारपीट का विवाद भी हुआ था। प्रारंभिक जांच में इसी पुरानी दुश्मनी को हत्या का कारण माना जा रहा है।

कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। वारदात के बाद से आरोपी फरार है और उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

खिलचीपुर में 48 भैंसों से भरा ट्रक पकड़ा, तीन आरोपी गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ■ राजगढ

"राजगढ़। खिलचीपुर पुलिस ने शुक्रवार देर रात अवैध रूप से मवेशियों का परिवहन कर रहे एक ट्रक को पकड़कर 48 भैंसों को मुक्त कराया। मौसेवकों की सूचना पर पुलिस ने छापीहेड़ा नाके पर घेराबंदी कर ट्रक को रोका। तलाशी में ट्रक के अंदर भैंसों को ठूंस-ठूंसकर भरा हुआ पाया गया, जिससे पशु क्रूरता की पुष्टि हुई।

पुलिस ने ट्रक चालक सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर वाहन जब्त कर लिया। आरोपियों की पहचान "नदीम (32)" और "मुन (27)" निवासी चौतुपुर (उत्तरप्रदेश) तथा "रिजवान (28)" निवासी लिलेश (मध्य प्रदेश) के रूप में हुई है। तीनों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11(1)(घ) सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि मवेशियों को कहां से लाया गया था और उन्हें कहां ले जाया जा रहा था।

सारंगपुर में दहेज प्रताड़ना का मामला, पति पर 2 लाख रुपये और बाइक मांगने का आरोप

डीआर संवाददाता ■ सारंगपुर

जिले के सारंगपुर क्षेत्र के लीमाखेड़ा थाना अंतर्गत दहेज प्रताड़ना का मामला सामने आया है। एक महिला ने अपने पति पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी गोविंद मीणा के अनुसार, पीड़िता "अनिता मालवीय" शनिवार रात अपने मायके राजू के साथ लीमाखेड़ा थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। महिला ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2021 में लीमाखेड़ा निवासी "लखन मालवीय" से हुई थी। दंपत्ती की 17 महीने की एक बेटी अनन्या भी है।

पीड़िता का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही पति मायके से "2 लाख रुपये नकद और एक बाइक" लाने का दबाव बना रहा था। कई बार समझाने के बावजूद आरोपी अपनी मांग पर अड़ा रहा। हाल ही में जब महिला ने दहेज की मांग पूरी करने से इनकार किया तो पति ने उसके साथ मारपीट की, गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। घटना में महिला को चोटें भी आई। इधर पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराकर उसके बयान दर्ज किए हैं। प्रारंभिक जांच के आधार पर आरोपी लखन मालवीय के खिलाफ "भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 85" के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत हितग्राही के परिजन को बैंक ऑफ बड़ौदा ने दिया 2 लाख

डीआर संवाददाता ■ ब्यावरा

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा ब्यावरा द्वारा एक पात्र हितग्राही के परिवार को 2 लाख की बीमा राशि का भुगतान किया है। शाखा प्रबंधक प्रतीक साहू ने बताया कि स्वर्गीय रामसूरी बाई पति भगवान सिंह निवासी ग्राम खेड़ी फीस तालीपीठ तहसील राजगढ़ के निधन के उपरांत योजना के तहत नामांकित व्यक्ति सोनू अहिरवार को 2 लाख रुपये का क्लेम प्रदान किया गया।

बैंक से हर व्यक्ति को लेना चाहिए बीमा

हितग्राही के पुत्र सोनू अहिरवार ने बताया कि भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के निधन के उपरांत बीमा योजना के तहत बैंक से हर व्यक्ति को बीमा करवाना चाहिए।

इस योजना के अंतर्गत बीमित व्यक्ति की मृत्यु होने पर नामांकित व्यक्ति को 2 लाख की बीमा सहायता प्रदान की जाती है। यह योजना आम नागरिकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक प्रतीक साहू, स्टाफ सदस्य दिनेश कुमार वर्मा, राजेश लोखंडे, सत्यनारायण डागी, कुलदीप कुमार पंचम जायसवाल, सुरेशचंद्र शंखाल पुडे, बैंक मित्र दीपक प्रजापति उपस्थित रहे। सभी कर्मचारियों ने हितग्राही परिवार को बीमा राशि का सेटलमेंट लेटर सौंपते हुए योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों तक पहुंचाने का संकल्प दिया। परिवारजनों ने बैंक ऑफ बड़ौदा एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के प्रति आभार व्यक्त किया।

मुझे बैंक मित्र ने किया प्रेरित

नामांकित हुए सोनू ने बताया कि मैं करीब तीन साल पहले कालीपीठ में संचालित बैंक ऑफ बड़ौदा के सहकार सेवा केन्द्र पर गरीब महाजनों को लेकर खाता खुलवाने गया था। जहां पर मुझे बैंक मित्र दीपक प्रजापति ने खाता खोलते समय माताजी का प्रधानमंत्री जीवन ज्योति और सुरक्षा बीमा लेने के लिए प्रेरित किया था, मेरे द्वारा उनकी बात मानते हुए माता की का बीमा किया था। इसके बाद मेरी मां की एक बीमारी हो जाने के कारण मृत्यु हो गई। बैंक ने मुझे शाखा स्थानांतर में दुबारा उक्त सहायता राशि प्रदान की।

राजगढ़ में ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत, आधे घंटे तक मलबे में दबा

डीआर संवाददाता ■ ब्यावरा

जिले के माचलपुर-नोयाटपुर मार्ग पर शनिवार दोपहर दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक "लालसिंह भोमी (65)" की मौत हो गई। खरगा निवासी लालसिंह खेमसीन बेचकर लौट रहे थे, तभी बारिश के दौरान उनका ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खाई में पलट गया। हादसे में वह ट्रैक्टर के नीचे दब गए।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। चालक को बचाने के लिए तत्काल राहत कार्य शुरू किया गया, लेकिन भारी ट्रैक्टर के नीचे दबे होने के कारण शुरुआती प्रयास सफल नहीं हो सके। इसके बाद एक जानकारी का ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर राजस्थान की राजगुड़ व वि पथक मंडी में सोयाबीन बेचकर लौट रहे थे। माचलपुर से करीब छह किलोमीटर दूर बारिश के दौरान यह हादसा हुआ। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

9 शिकायत के बाद भाजपा नेताओं ने रुकवाया कार्य, मानकों से निर्माण की मांग

सड़क किनारे बना रहे नई नाली पर विवाद, ग्रामीणों का घटिया निर्माण का आरोप

डीआर संवाददाता ■ सारंगपुर

कोटीय सड़क निधि से स्वीकृत गढ़, पड़ान, तलेन सड़क मार्ग पर लोक निर्माण विभाग की देखरेख में अंबेडकर कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा सड़क एवं नाली निर्माण कार्य कराया जा रहा है। हालांकि नाली निर्माण की गुणवत्ता और निर्माण पद्धति को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप नहीं हो रहा है तथा इसमें घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार नई स्थानों पर पुरानी नाली को छोड़कर सड़क के समीप आड़ी-तिरछी नई नाली बनाई जा रही है, जिससे सड़क की चौड़ाई कम हो गई है और आवागमन में परेशानी बढ़ रही है।

उनका कहना है कि लगभग 25 वर्ष पुरानी नाली को व्यवस्थित करने के बजाय उसके आगे नई नाली बना दी गई, जिससे दुकानों के सामने फिर अतिक्रमण बढ़ने लगा है।

शिकायत मिलने पर भाजपा जिला मंत्री मनोहर सिंह परमार सहित भाजपाकार्यकर्ता ने शनिवार को ग्रामीणों के साथ आकारेडादुतलेन चौराहे पर पहुंचे और निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

इस दौरान ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि आकारेडादुतलेन चौराहे से सदर बाजार, गांधी चौक और बस स्टैंड तक कई स्थानों पर मानकों के विपरीत नाली निर्माण किया गया है।

उनका कहना है कि बारिश के दौरान नालियों का पानी सड़क पर बहता है। वहीं इब्राहिम खां मंसूरी के मकान के सामने बिजली के पोल को बचाने के लिए नाली को आड़ी-तिरछी बना दिया गया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने घटिया निर्माण कार्य को रुकवा दिया। वहीं स्थानीय रहवासियों का कहना है कि उन्होंने निर्माण कार्य रुकवाने की मांग नहीं की है। मांग है कि दोनों ओर पुरानी नाली की जगह पर ही बिना किसी भेदभाव के मानकों के अनुरूप नाली का निर्माण कराया जाए।

इनका कहना है

ग्रामीणों की शिकायत पर नाली निर्माण कार्य अभी रुकवाया गया है। कनिष्ठ एवं सहायक अभियंताओं से चर्चा कर पुनः मानकों के अनुसार कार्य शुरू कराया जाएगा।

जयंत महाजन
एसडीओ पीडब्ल्यूडी
सारंगपुर।

2026 सफल विद्यार्थियों का सम्मान, राज्यमंत्री ने बढ़ाया

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़

ब्यावरा में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में 2026 उत्तीर्ण करने वाले मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। राज्यमंत्री "नरायण सिंह पंवार" ने छात्रों को कुशलता पहनाकर और मिठाई खिलाकर उनकी सफलता पर बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों से उनकी तैयारी, भविष्य की योजनाओं और विकास क्षेत्र में योगदान को लेकर संवाद भी किया।

मंत्री पंवार ने कहा कि छम्म जैसी कठिन परीक्षा में सफलता अनुशासन, मेहनत और दृढ़ संकल्प का परिणाम होती है।

उन्होंने छात्रों से डॉक्टर बनने के साथ मानवीय मूल्यों और संवेदनशीलता को भी अपनाने का आह्वान किया। साथ ही सार्वजनिक परीक्षाओं की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता का उल्लेख किया। समारोह में सफल विद्यार्थियों के माता-पिता और शिक्षकों को भी बधाई दी गई। कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष कोटी, प्रवर सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।